**डॉ० जय चन्द 'उराड्वा'**

**सहायक प्राध्यापक एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष**

**राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब**

**जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश**

डॉ० जय चन्द 'उराड्वा' का जन्म हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में खुईनल नामक गांव में 5 अक्टूबर सन् 1979 को एक ब्राहमण किसान परिवार में पिता श्री धर्म सिंह शर्मा एवं माता श्रीमती सुरमी देवी के यहां हुआ ।आरंभिक शिक्षा गांव की पाठशाला में ही संपन्न हुई ।कला स्नातक स्तर की शिक्षा राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब से वर्ष 2001 में उत्तीर्ण की ।विश्वविद्यालय में पहुंचकर डॉ० जयचंद की प्रगतिशील सोच एवम् वैज्ञानिक दृष्टिकोण में उत्तरोत्तर परिपक्वता आती चली गई ।परिणाम स्वरूप वर्ष 2003 में एम० ए० (हिन्दी) की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की **।वर्ष 2005 में डॉ० चमनलाल गुप्त के निर्देशन में 'कुमार कृष्ण के काव्य में सामाजिक चेतना का स्वरूप' विषय पर एम०फिल् की उपाधि प्रथम श्रेणी में पास की ।वर्ष 2005 मे हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कॉलेज कैडर राज्य पात्रता परीक्षा पास की** ।कविता में गहन रूचि एवं साहित्य में आलोचनात्मक दृष्टिकोण के चलते आप साहित्य सृजन में भी आगे बढ़े ।समकालीन हिंदी कविता में गहन रुचि होने के कारण आपने **डॉ० शेखर शर्मा के कुशल निर्देशन में वर्ष 2010 में 'समकालीन हिंदी कविता में कुमार कृष्ण का काव्य' विषय पर शोध- प्रबंध प्रस्तुत कर पी-एच० डी० की उपाधि प्राप्त की** । वर्ष 2012 में आपने इंदिरा गांधी नेशनल ओपन विश्वविद्यालय से बी०एड ०की परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास की **।वर्ष 2012 में आपका चयन भाषा अध्यापक के रूप में हुआ ।वर्ष 2013 में आप बतौर सहायक प्रोफेसर हिंदी के पद पर चयनित हुए ।**

**उपलब्धियाँ:--**

***आप की कविताएं देश की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं।**

***शरत द्वारा संपादित पुस्तक ' कुमार कृष्ण की कविता में ग्रामीण बोध' में कुमार कृष्ण के साथ एक लंबा साक्षात्कार प्रकाशित ।**

***'कुमार कृष्ण के काव्य में किसानी संवेदना' आलोचना पुस्तक प्रकाशनाधीन है ।**

***'पिता के झोले में गांव' कविता-संकलन अभी प्रकाशनाधीन है।**

***'समकालीन कविता में ग्रामीण बोध' आलोचनात्मक पुस्तक शीघ्र प्रकाशित होगी ।**

**अन्य गतिविधियां:-**

*'विधा कला एवं सांस्कृतिक संस्था' के स्थाई सदस्य है ।

*'उम्मीद कला एवं सृजन सरकार संस्था' चंडीगढ़ के वर्तमान उपाध्यक्ष है ।

* आप निशुल्क साहित्य के विद्यार्थियों को पढ़ाते हैं उनका मार्गदर्शन करते हैं जिस कारण अभी तक 100 से अधिक विद्यार्थी भाषा अध्यापक की पात्रता परीक्षा पास कर चुके हैं । कई विद्यार्थी आप के निर्देशन में नेट और स्लेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं ।

* आप कई राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग ले चुके हैं ।

*भाषा अध्यापक से लेकर हिंदी प्रवक्ता और सहायक प्रोफ़ेसर के लिए आपके कई विद्यार्थियों का चयन हो चुका है ।

*राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की टास्क फोर्स कमेटी के वर्तमान सदस्य ।

पुरस्कारः-

★वर्ष 2018 में हिमोत्कर्ष संस्था पांवटा साहिब के द्वारा आपको विद्या विशारद पुरस्कार प्राप्त हो चुका है ।

★वर्ष 2019 में आपको साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए जिला सिरमौर शंखनाद मीडिया के द्वारा शंखनाद विशिष्ट सम्मान प्राप्त हो चुका है ।

व्यावसायिक पता : सहायक प्रोफ़ेसर एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष

राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब

जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश ।

स्थायी सम्पर्क : गाँव – खुईनल

डाकघर- कमरऊ

तहसील – पांवटा साहिब

जिला - सिरमौर, हिमाचल प्रदेश

पिन कोड – 173029

दूरभाष: 70181-37884 (भ्रमण ध्वनि)

97361-36970(भ्रमण ध्वनि)